तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025



4 बालिका दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर






## खबर संक्षेप



### कनिका हनुमान घाटी में हादसे से अफरा-तफरी

**सुंदरगढ़।** हिमगिर थाना क्षेत्र के हनुमान घाटी के नीचे ब्राह्मणी गांव के पास शुक्रवार देर रात एक भीषण सीरिज़ दुर्घटना में तीन कोयला लदे ट्रक आपस में टकरा गए। हादसे में एक ट्रक पलट गया और कोयला सड़क पर बिखर गया। सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद घंटों तक सड़क जाम रही और यातायात बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने एमसीएल और ट्रांसपोर्ट कंपनियों की लापरवाही को इस हादसे का कारण बताया। ग्रामीणों का कहना है कि खराब ट्रकों, नशे में धुत चालकों और अंधेरी सड़कों के कारण हेमगिर कनिका मार्ग पर हर दिन हादसे हो रहे हैं। खनन और ट्रांसपोर्ट कंपनियां अधिक ट्रिप और मुनाफे के लालच में लोगों की जान से खिलवाड़ कर रही हैं, जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि प्रशासन पुराने ट्रकों का परिचालन बंद नहीं करता, घाटी क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था नहीं सुधारता और चालकों के लाइसेंस की जांच सुनिश्चित नहीं करता तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। स्थानीयों ने यह भी मांग की कि गांव के चौराहों पर बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा कर्मी के रूप में नियुक्त किया जाए ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

### आम बगान में मिला दुर्लभ प्रजाति का विशाल चमगादड़

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी के सेक्टर 19 आम बगान पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार शाम करीब 7 बजे एक अनोखी घटना देखने को मिली। बसंती कालोनी निवासी गणेश परिडा अपने रोजमर्रा के काम से लौट रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक विशाल व दुर्लभ चमगादड़ उड़ते हुए कार से टकरा गया और सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के कुछ लोगों ने उसे उठाने की कोशिश की, पर कई लोग गलत मंशा से उसे लेने की होड़ में लग गए। ऐसे में गणेश परिडा ने साहस दिखाते हुए अपनी बाइक रोक दी और बीच सड़क से चमगादड़ को सुरक्षित किनारे किया। जब कुछ लोगों ने उसे खाने की बात कही तो उन्होंने उन्हें समझाया कि इंसानियत सबसे बड़ी चीज है। गणेश की समझदारी और दया भाव से चमगादड़ की जान बच गई। बाद में उसे सुरक्षित रूप से दीवार के सहारे बैठाया गया, जहां से वह धीरे-धीरे उड़कर पास के पेड़ में चला गया। यह घटना न केवल एक दुर्लभ जीव की रक्षा का उदाहरण बनी, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की मिसाल भी पेश की।

### पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**कोसीर।** कोसीर थाना अंतर्गत आने वाले गांव-गांव में जाकर साइबर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साइबर जन जागरूकता अभियान की इस कड़ी में ग्राम पंचायत बटाऊपाली अ में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। कोसीर थाना से एसआई मल्होत्रा ने गांव की बीच बस्ती के रंग मंच में समस्त ग्राम वासियों को ग्राम सरपंच उपसरपंच व पंचगण की उपस्थिति में साइबर क्राइम के बढती अपराध के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और साथ ही साथ उससे बचने की उपाय भी बताया गया। एसआई मल्होत्रा ने बताया कि आज साइबर ठगी बढ़ गई है। आनलाइन फोन कर लिंक भेज ठगी की जा रही है, इससे सावधान रहें। किसी भी अंजान काल रिसीव न करें साथ ही साथ किसी को भी अपने बैंक खाते की जानकारी न दें। यदि ऐसी घटना भूलवश आपके साथ हो जाती है तो केन्द्र सरकार ने एक हेल्पलाइन नंबर 1930 इस नंबर पर तुरंत काल कर जानकारी दे सकते हैं।

---

नशीली दवाओं का गढ़ बना रायगढ़, पुलिस की लगातार कार्रवाई से हो रहा खुलासा

# नशे के शिकार युवाओं और बच्चों का भविष्य दांव पर लगातार कार्रवाई के बाद भी नहीं रुक रहे नशे के सौदागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

रायगढ़ जिला प्रतिबंधित नशीली दवाओं व इंजेक्शन का गढ़ बन गया है। इसकी पुष्टि हम नहीं कर रहे हैं बल्कि पुलिस की लगातार कार्रवाई से नशे के सौदागरों का भांडाफोड़ हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि जिले के मेडिकल स्टोर्स में नशे के रूप में उपयोग की जाने वाली दवाएं पूरी तरह प्रतिबिंधत हैं। ये ड्रग सामग्रियां ओडिशा, झारखंड जैसे बॉर्डर से जिले में प्रवेश कर रही हैं। आश्चर्य की बात है कि यह दवा अब नशा बन गया है। जिले के युवा और बच्चे इन नशीली दवाओं के आदी हो गए हैं। नशे के शिकार युवाओं और बच्चों का भविष्य दांव पर है, लेकिन उन्हें इस मदहोशी से निजात दिलाने वाला कोई नहीं है।

दरअसल जिले में लंबे समय से नशीली दवाओं व इंजेक्शन की सप्लाई धड़ल्ले से जारी है। नशे के शिकार युवा और बच्चे इसकी पूर्ति करने के लिए किसी भी हद तक जाने से नहीं चूक रहे हैं। इन प्रतिबंधित दवाओं को खरीदने के लिए वो चोरी, लूटपाट जैसी घटनाओं को अंजाम देने से भी नहीं डर रहे हैं। जिले में कई घटित घटनाओं में इस तरह के मामले सामने आए हैं। चौकाने वाली बात यह है कि नशे के सौदागर कम समय में अधिक धन कमाने की लालच में दूसरे राज्यों से इन प्रतिबंधित दवाओं को लाकर जिले में खपा रहे हैं और समाज में नशा परोस रहे हैं। जिससे युवाओं और बच्चों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। अब तो लोग यह भी कहने लगे हैं रायगढ़ नशीली दवाओं का गढ़ बन गया है। क्योंकि कुछ माह में ही पुलिस ने डेढ़ दर्जन से अधिक डीलरों पर कार्रवाई की है। जबकि जिले में ऐसे कई और डीलर भी हैं, जो आज भी चोरी-छिपे इनकी बिक्री कर रहे हैं।

### नशे की लत को पूरा करने के लिए बन रहे हैं अपराधी

नाबालिगों द्वारा घटित अपराधों में नशे की अहम भूमिका है। गांजा, शराब, नशीली दवाओं का सेवन करने वाले बच्चे व युवा निडर होकर बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। क्योंकि इन्हें नशे की सामग्री आसानी से गली-मोहल्लों में मिल जाती है। नशे की लत को पूरा करने ही नाबालिग व युवा अपराधी बनते जा रहे हैं।




### एक्सपर्ट व्यू — नशा बांटते-बांटते बन बैठे एचआईवी पॉजिटिव



जब मैं मेडिकल कॉलेज में था तब पिछले साल घरघोड़ा क्षेत्र के 4 युवकों को एक साथ उनके परिजन मेरे पास इलाज के लिए लेकर आए थे। उस वक्त उनके घर वाले भी इनके नशे के बारे में नहीं जान रहे थे, बस उन्हें यह लग रहा था कि बच्चों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं हैं। तब मेरे द्वारा प्रोट्रोकॉल के तहत उनका एचआईवी टेस्ट कराया गया तो 3 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। तब इस बात का खुलासा हुआ कि ये चारों एक ग्रुप में शामिल होकर बुटरम इंजेक्शन का सेवन करते हैं और एक ही सिरिंज को आपस में शेयर करते हैं। तब उन्हें मेडिसीन विभाग में शिफ्ट किया गया। इसके बाद मेडिसीन विभाग वाले उन्हें बिलासपुर एआरटी भेज दिए थे। खास बात यह है कि इन तीनों एचआईवी पॉजिटिव मरीजों में से एक युवक शादीशुदा था, जब उसकी पत्नी का एचआईवी टेस्ट कराया गया तो उसकी भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। ऐसे में यह सोचने वाली बात है कि इनके ग्रुप में और कितने एचआईवी पॉजिटिव हुए होंगे। जागरूकता की कमी के कारण यह सब हो रहा है। जितने भी बाल नशेड़ी हैं वो शुरुआत बीड़ी, गांजा, सुलेशन से ही शुरू करते हैं, इसके बाद उनका डोज बढ़ जाता है और ये नशीली इंजेक्शन, दवा, जैसे हार्ड नशा करना शुरू कर देते हैं। जिससे वो नशे के आदी हो जाते हैं। ऐसे बच्चों के पालकों, शिक्षकों को ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही पुलिस को भी नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाना चाहिए, ताकि समाज में इसका असर देखने को मिले।

**डॉ. राजेश अजगल्ले, मनोचिकित्सक**

### केस 1 — नशीला दवाओं के साथ युवक-युवती गिरफ्तार

जून माह में चक्रधरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एमसीएच अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर घेराबंदी करते हुए दुर्गेश देवांगन उर्फ पिंटू निवासी अंबेडकर आवास, आईटीआई कॉलोनी व कुमकुम महंत उर्फ सोनम निवासी ठाकुरपाली गोड़म को पकड़ा था। जिनके पास से 250 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन व 160 नग टैबलेट को जप्त किया गया था।

### केस 2 — नशीली इंजेक्शन बेचने वाली महिला गिरफ्तार

सितंबर माह में कोतवाली पुलिस ने जोगीडीपा पुलिया के पास रहने वाली रुकसार सारथी नामक के घर पर दबिश दी थी। तलाशी के दौरान उसके घर से नशीली इंजेक्शन पेंटाजोसिन छह नग जप्त किया गया था। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसे यह इंजेक्शन इंदिरा नगर रायगढ़ का एक व्यक्ति सौ रुपये प्रति नग की दर पर घर पर पहुंचाकर देता है, जिसे वह दो सौ रुपये में बेचती है।

### केस 3 — सिंडीकेट का भंडाफोड़, दो सप्लायर गिरफ्तार

सितंबर माह में चक्रधरनगर पुलिस ने पंजरी प्लांट मरीन ड्राइव क्षेत्र में नदी किनारे छिपकर नशीली इंजेक्शन बेच रहे इंदिरा नगर निवासी धीरज बरेठ को रंगे हाथों पकड़ा था। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह इंजेक्शन ओडिशा निवासी किशन डंडारिया और रायगढ़ के चंद्रकांत निषाद उर्फ बाबू से खरीदकर महंगे दामों पर बेचता है। इसी आधार पर पुलिस ने ओडिशा के सप्लायर किशन डंडारिया और उसके भाई राजेश डंडारिया को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया था।



### केस 4 — नशीली दवाएं बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

सितंबर माह में तमनार पुलिस ने हिंझर तिराहा के पास एक बाइक में नशीली दवाई परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को दबोचा था। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अशोक बेहरा, ललित गुप्ता व सुशील राठिया बताया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 नग कोरेक्स सिरप, 8 नग टेबलेट को जप्त किया था। आरोपियों ने स्वीकार किया था कि सिरप को एक सीसी 500 रुपए में बेचकर मुनाफा कमाते हैं।

### केस 5 — नशीली दवाओं की सप्लायर महिला को पुलिस टीम ने दबोचा

अक्टूबर माह में लैलूंगा पुलिस ने दुर्गापुर लारीपानी निवासी धनुर्जय यादव के मकान दबिश दी थी। छापेमारी में धनुर्जय यादव घर पर नहीं मिला, लेकिन उसकी पत्नी तिलोत्तमा यादव 25 वर्ष घर में मौजूद थी। तलाशी में उसके घर पर मिले नशीली दवाओं के जखीरा को लेकर पूछताछ करने पर महिला ने स्वीकार किया कि वह अपने पति के साथ मिलकर नशीली दवाओं की बिक्री करती है।


बुटरम, पेंटाजोसिन जैसी नशीली इंजेक्शन व दवाइयों को रायगढ़ में पूरी तरह बैन कर दिया गया है। होलसेलर भी अब इन्हें नहीं मंगा रहे हैं, हमारे द्वारा इसकी पूरी जांच की जा रही है। बात रही इसकी रायगढ़ में आने की तो वो ओडिशा, रांची जैसे राज्यों से आ रही है।

**अमित राठौर**
**ड्रग इंस्पेक्टर, स्वास्थ्य विभाग**

---

## शिक्षिका के सूने मकान से बटोरे जेवरात फिर उसी की कार लेकर हो गए फरार

■ गोल्डन नेस्ट कॉलोनी में लाखों की चोरी, जांच में जुटी कोतवाली पुलिस




**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़े रामपुर स्थित गोल्डन नेस्ट कॉलोनी के एक सूने मकान में धावा बोलकर अज्ञात चोरों द्वारा सोने चांदी के गहने के साथ ही बरामदे में खड़ी कार को भी उड़ा ले जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उक्त मकान सेना के जवान संतोष खलखो का है जो ड्यूटी में बाहर रहते हैं, वहीं उनकी पत्नी स्वाति खलखो शिक्षिका हैं तथा तमनार में उनकी पोस्टिंग है। पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा तो स्वाति को फोन पर इसकी सूचना दी। वहीं घर आकर उसने चोरी होना पाया तो थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल सोमवार को स्वाति खलखो घर में ताला लगाकर तमनार स्कूल डयूटी के लिए चली गई थीं शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने उसके घर का ताला टुटा देखा तो फोन से उसे इस बात की जानकारी दी। घर का ताला टूटने की जानकारी मिलने पर चोरी होने की आशंका से स्वाति खलखो स्कूल से छुट्टी लेकर रायगढ़ वापस आईं तो देखा कि मकान के बाहर का गेट टूटा हुआ है तथा दरवाजा भी खुला है। वहीं बरामदा में खड़ी हुण्डई स्पोर्ट कार भी नहीं थी। घर के भीतर जाकर देखा तो आलमारी खुला पड़ा था, यह नजारा देख उनके होश उड़ गए। वहीं उनके द्वारा आलमारी के सामानों की जांच की गई तो उसमें रखा सोने का झुमका, अंगूठी एवं चांदी की पायल तथा रसोई से गैस सिलेंडर गायब था। इस पर स्वाति खलखो ने सिटी कोतवाली में घटना की रिपोर्ट थाने में की। चोरी गए जेवरों की कीमत लगभग एक लाख व कार की कीमत दो लाख रूपए है, इस प्रकार करीब तीन लाख रूपए की चोरी उनके घर से हुई है। पुलिस ने घटन की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

फॉरेंसिक टीम द्वारा मकान के दरवाजे, आलमारी आदि पर लगे फिंगर प्रिंट जमा करते हुए पूरे घर की सघन जांच पड़ताल की गई है। इसके अलावा घर के सीसीटीवी फुटेज में देर रात कार ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। जिससे पुलिस द्वारा आस पास के घरों में भी लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।



## नक्सलियों ने एयरटेल टावर व जनरेटर फूंका

**राउरकेला।** पश्चिम सिंहभूम जिले के घने सरंडा जंगल में एक बार फिर नक्सली हिंसा ने दस्तक दी है। प्रतिशोध सप्ताह के दौरान शुक्रवार की आधी रात करीब 20 सशस्त्र माओवादी झारखंड राज्य के झराईकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलबोंगा गांव पहुंचे और वहां स्थित एयरटेल मोबाइल टावर पर हमला कर दिया। नक्सलियों ने टावर के नीचे रखे जनरेटर सेट और अन्य उपकरणों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे कुछ ही मिनटों में पूरा सेट जलकर खाक हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया है। ग्रामीणों ने बताया कि टावर में आग लगाने के बाद माओवादी नारेबाजी करते हुए जंगल की ओर भाग निकले। स्थानीय लोगों के अनुसार इस घटना के माध्यम से माओवादी संगठन यह संदेश देना चाहता है कि सरंडा क्षेत्र में उनका प्रभाव अब भी कायम है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी पुलिस को दें।

## पोस्ट ऑफिस में नौकरी लगाने के नाम पर युवक से एक लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक को पोस्ट ऑफिस में नौकरी लगाने के नाम पर उससे एक लाख रुपए की ठगी कर ली गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार किरोड़ीमलनगर निवासी किशन चंद्रा 31 वर्ष पिछले कुछ महीनों से नौकरी की तलाश में था। उसे पता चला कि बरमकेला क्षेत्र के ग्राम पड़कीपाली निवासी कैलाश यादव ने इतवारी बाजार में जीवनधन रोजगार ऑफिस नाम से एक संस्थान खोल रखा है, जो बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने का दावा करता है।

किशन ने जब उससे संपर्क किया तो कैलाश ने कहा कि वह डाक विभाग में मल्टी टास्किंग स्टाफ के पद पर नौकरी लगवा सकता है, इसके लिए उसने 2 लाख रुपए की मांग की। कैलाश यादव ने किशन को भरोसा दिलाया कि वह कई लोगों को नौकरी लगवा चुका है और उसकी नौकरी भी पक्की है। उसकी बातों पर भरोसा करते हुए किशन ने 25 जुलाई को 1 लाख रुपए कैश दे दिए। आरोपी ने वादा किया कि 7 दिनों के भीतर ज्वाइनिंग लेटर मिल जाएगा, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी न तो कोई लेटर आया न नौकरी की खबर मिली।

### जांच में जुटी पुलिस




### ठगी का ऐहसास हुआ तो पहुंचा थाने

किशन ने जब अपने पैसे वापस मांगने की बात कही तो आरोपी कैलाश यादव ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद किशन को समझ आ गया कि उसके साथ ठगी हुई है। ऐसे में उसने शनिवार को कोतवाली थाना रायगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

बाल-बाल बची जान, तमनार रेंज के सामारूमा जंगल का मामला

## हाथी ने दौड़ाया तो गोद में बच्चा उठा कर भागा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़



जिले में एक हाथी ने बाइक सवार युवकों को दौड़ा दिया। जिससे एक युवक हाथी से बचने के लिए अपने बच्चे को गोद में उठाकर भागा, उसके साथ और भी तीन-चार लोग भागते नजर आए। इससे उनकी जान बाल-बाल बच गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, मामला तमनार रेंज के सामारूमा जंगल का है।

दरअसल तमनार रेंज के सामारूमा जंगल में हाथी को सड़क किनारे देख दोनों ओर से वाहनों को रोक दिया गया था, लेकिन तभी धरमजयगढ़ की ओर से रायगढ़ आ रहे एक बाइक सवार ने उसे नहीं देखा और आगे बढ़ गया। बाइक में 2 युवक और एक बच्चा सवार थे। इस दौरान जैसे ही हाथी सड़क पर आया तो युवकों ने बाइक को वहीं छोड़कर भागना शुरू कर दिया। एक युवक अपने बच्चे को गोद में लेकर भागने लगा, जिसका वीडियो सामने आया है। हाथी ने उन्हें कुछ दूर तक दौड़ाया, लेकिन युवक भागकर अपनी जान बचा लिए।

### जिले में 70 से ज्यादा हाथियों की मौजूदगी

रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन मंडल के जंगल में 70 हाथियों की मौजूदगी है। धरमजयगढ़ वन मंडल में 49 हाथी हैं, जिसमें सबसे अधिक हाथी कापू रेंज में 17 और बाकारूमा रेंज में 12 हैं। इसके अलावा धरमजयगढ़, लैलूंगा, बोरो और छाल रेंज में भी हाथियों की मौजूदगी है। रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज में 21 हाथी विचरण कर रहे हैं। बीती राम धरमजयगढ़ वन मंडल के कापू, बाकारूमा और छाल रेंज में हाथियों ने फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। कापू रेंज के सलका, सोनाजोरी, बीजापानी, अलोला, सकालो और जाताटिकरा में 81 किसानों की फसल को रौंदा है। इसके अलावा बाकी जगह 1-1 किसानों की फसल को नुकसान किया।

## मुनगा तोड़ने के बहाने घर में घुसा और युवती से की छेड़छाड़




**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत घर में अकेली युवती को देखकर युवक द्वारा मुनगा तोडऩे के बहाने से घुस कर उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। पीड़िता द्वारा शोर मचाए जाने पर वह भाग गया। परिजनों के आने पर पारिवारिक सलाह मशवरा के बाद उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

दरअसल ग्राम छोटे हरदी निवासी युवती के परिजन सुबह अपने काम से घर से बाहर गए हुए थे। युवती घर पर अकेली थी, इस दौरान गांव का ही रहने वाला किशोर चौहान उसके घर आया और पूछा कि उसे मुनगा भाजी तोड़ना है घर में कौन-कौन हैं। युवती ने बताया कि सभी बाहर गए हुए हैं वह अकेली ही है। इसके बाद किशोर भाजी तोड़ने लगा तथा युवती घर के भीतर चली गई। तभी अचानक किशोर भी घर के अंदर घुस गया और युवती का हाथ बांह पकड़ कर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। इस पर पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गया। परिजनों के आने के बाद युवती ने उन्हें आपबीती बताई तथा पारिवारिक सलाह मशवरा के बाद उसने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी किशोर चौहान के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

**खबर संक्षेप**

### 67 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत एवं रिन्युअल

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत दुलदुला के सामुदायिक भवन में विगत दिवस आयोजित बैंक मेला में 21 स्व-सहायता समूहों को बैंकों से लिंकेज के माध्यम से 43 लाख 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया, वहीं 12 स्व सहायता समूहों का 23 लाख 50 हजार रुपए रिन्युअल किया गया। इसके अलावा 13 लाभार्थियों को 13 लाख 90 हजार रुपये का मुद्रा लोन स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ पुष्कर पटले, डीपीएम अमीन खान, अखिल परासेठ सहित एसबीआई एवं ग्रामीण बैंक के मैनेजर, एनआरएलएम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बिहान की दीदियां भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

### मयाली नेचर कैम्प में ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ

**जशपुर।** जिले के कुनकुरी परिक्षेत्र अन्तर्गत स्थित मयाली नेचर कैम्प सभी ऋतुओं में एक मनोहारी दृश्य के रूप में प्रतीत होता है। यह क्षेत्र साल के लहलहाते वनों से आच्छादित है जिससे छोटी बड़ी नालायें वृहद संख्या में निकलती है जो कि नीचे जाकर मैदानी इलाकों को जीवन्त बनाती है। यह क्षेत्र जशपुर जिले को प्रकृति का अनुपम उपहार है। मयाली नेचर कैम्प देवबोरा तथा मयाली ग्राम के बीच में स्थित है। यह स्थान पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ, जो साहसिक कार्य पसंद करते हैं उनके लिये लंबी दूरी की पैदल यात्रा के लिये भी उपयुक्त स्थल है। वर्तमान में मयाली नेचर कैम्प में ऑनलाईन गेटमनी सुविधा प्रारंभ की गई है। आम जनमानस से अपील किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में ऑन लाईन सुविधा का लाभ उठाएं।

### आज होगी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 13 अक्टूबर को पूरे छत्तीसगढ़ में होना है एवं इस वर्ष जशपुर जिले से 8500 से अधिक की संख्या में विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ है। परीक्षा के जिला संयोजक साहदुल प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूरे भारत में यह परीक्षा आयोजित हो रही है जिसमें 40 लाख से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य मात्र परीक्षा कराना ही नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ी को महान भारतीय संस्कृति से परिचित भी करना है साथ ही साथ ही बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करना राष्ट्रीय प्रेम, सत्य, न्याय, वीरता,दया, करुणा, उच्च स्तरीय एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को जागृत करना, दुर्व्यसनो से छूटकरा, राष्ट्रीय गौरव का सम्मान करना भी परीक्षा का उद्देश्य है। उल्लेखनीय है परीक्षा हेतु नामांकन करने वाले बच्चों को परीक्षा से संबंधित एक साहित्य दिया गया है एवं मेरिट सूची में आने वाले छात्रों को जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर भी सम्मानित किया जाता है एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है।

### ग्राम खजरीढाप में लौटी रोशनी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर विकासखंड पत्थलगांव, ग्राम पंचायत खजरीढाप के गांधी चौक मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बाधित विद्युत आपूर्ति पुनः प्रारंभ हो गई है। बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। ग्रामवासियों ने त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड पत्थलगांव, ग्राम पंचायत खजरीढाप के गांधी चौक मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित थी। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत खजरीढाप में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। विशेषकर बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है।

लामबंद होकर पुलिस को सौंपा ज्ञापन

# शराबबंदी के लिए महिलाओं ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

महुआ शराब के बढ़ते अवैध कारोबार और नशाखोरी से त्रस्त कोतबा नगर की महिलाओं ने अब इसके खिलाफ लामबंद होकर मोर्चा खोल दिया हैं. महिलाओं ने आक्रामक तेवर अपनाकर नगर में कहीं भी शराब नही बनाने और पीने वालों को दंडित करने का संकल्प लिया है.वे एकजुट होकर हाथों में तख्ती लेकर इसका पुरजोर विरोध कर रहीं हैं. महिलाओं के आक्रामक तेवर देखकर अवैध शराब से जुड़े लोग व इसके सेवन करने वालों में हड़कंप मच गया हैं. उल्लेखनीय है कि चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुलड़ेगा, फरसाटोली, मधुबन, रोक बहार, जामझोर के बाद अब पूरे नगर की महिलायें एकजुट होकर पूर्ण शराबबंदी और इसके सेवन के खिलाफ खूब प्रदर्शन करते हुये शासन प्रशासन से मदद मांग रही हैं.

महिलाओं के आक्रोश को देखकर ऐसा महसूस हो रहा है कि महिलाएं अब चरणबद्ध तरीके से इसका विरोध करेंगी.सबसे दिलचस्प बात यह है कि अब शासन प्रशासन के बिना जागरूकता के स्वयं ही इस अभियान में जुड़कर इसका पुरजोर विरोध कर रहीं है.जिस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार देशी और विदेशी शराब दुकान को जगह-जगह खोलकर शराबबंदी को बढ़ावा दे रही हैं। नाराज महिलाएं पूर्ण शराबबंदी के लिए आवाज उठाते हुए एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है।उन्होंने अब चरणबद्ध तरीके से लागातार आंदोलन किया जाएगा जिसके लिए कोतबा नगर के तिलगोड़ा प्रांगण मे सैकड़ों महिलाए एकत्रित होकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने बैठक हुई। जिसमे उनके द्वारा कोतबा पुलिस को हस्ताक्षर अभियान चला कर कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र सौपा गया है। कोतबा नगर पंचायत क्षेत्र में 3 दिन पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमन सुनील शर्मा के निर्देश पर मुनादी करा कर सभी वार्डो से महुवा शराबबंदी लागू करने महिलाओं को आह्वान कर बैठक आयोजित की गई। जिसमे शनिवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाएँ एकत्रित होकर बैठक में नशाखोरी को बंद करने के लिए अवैध शराब भट्टियों को बंद कर शराबबंदी करने एक मत हो कर निर्णय किया गया। साथ ही शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले महुवा की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाने निर्णय लिया गया है।साथ ही जितने भी अवैध नशे की सामग्री गांजा,दारू,आदी के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंधित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमन सुनील शर्मा ने बताया कि नगर में अनेक घरों में अवैध शराब बना कर बेची जा रही हैं। जिससे युवापीढ़ी व पुरुषों में मद्यपान नशाखोरी की लत पड़ चुकी है। अपने घरों को उजड़ता देख महिलाएं अवैध महुवा शराब खिलाफ वार्डों में संचालित अवैध भट्टियां को घर जाकर कार्यवाही करने की बात कह रही है। महिलाओं का मानना है कि मोहल्लों में घर घर बना कर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है।



### घरों को उजाड़ती शराब बढ़ती घरेलू हिंसा

महिलाओं का कहना है कि नगर के कई मोहल्लों में घर-घर अवैध महुआ शराब की भट्टियां चल रही हैं, जिससे शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। इस आसानी से उपलब्ध शराब ने युवा पीढ़ी और पुरुषों को बुरी तरह जकड़ लिया है, जिससे नगर में मद्यपान और नशाखोरी की लत व्यापक रूप से फैल चुकी है। इस अवैध कारोबार का सबसे बुरा असर घरों पर पड़ रहा है। महिलाएं भारी परेशानी झेल रही हैं क्योंकि पुरुष बड़ी मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं। जब वे इसका विरोध करती हैं, तो उन्हें घरों में गाली-गलौच, मारपीट और धमकी का सामना करना पड़ता है। लगातार घरेलू हिंसा का शिकार होकर त्रस्त हो चुकी इन महिलाओं ने अब शांति और सुरक्षा की माँग की है। महिलाओं ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की माँग करते हुए कहा कि कोतबा नगर की इन महिलाओं ने संयुक्त रूप से स्थानीय प्रशासन और पुलिस से तत्काल हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। उनकी मुख्य माँगें अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल और कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।अवैध नशे की सामग्रियों पर प्रतिबंधित करने, किराना दुकानों में उपलब्ध महुवा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने, नारी शक्ति का यह कदम यह दर्शाता है कि अवैध नशे के खिलाफ अब समाज स्वयं जागृत हो रहा है, और यदि प्रशासन जल्द सख्त कदम नहीं उठाता, तो यह आंदोलन और भी व्यापक रूप ले सकता है।

# ठगी का फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जशपुरनगर।** जिले में करोड़ों की ठगी कर फरार चल रहे आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ऑपरेशन अंकुश के तहत पत्थलगांव पुलिस ने आरोपी अरविंद राठौर (36 वर्ष), निवासी ग्राम कोसमुंडा, थाना चांपा, जिला जांजगीर-चांपा को सूरजपुर जिले के जयनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार सालों से पुलिस को चकमा दे रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार मामला वर्ष 2021 का है। पत्थलगांव थाना क्षेत्र में आर.पी. ग्रुप कंपनी के नाम पर ग्रामीणों से करोड़ों रुपए की ठगी की गई थी। कंपनी के संचालक राजेंद्र कुमार दिव्य, तुरेंद्र उर्फ मनीष कुमार दिव्य, प्रकाश चंद्र धृतलहरे और उपेन्द्र कुमार सारथी ने ग्रामीणों को यह कहकर झांसे में लिया कि "कोरबा के मंडवारानी में एक जादुई कलश मिला है, जिसकी कीमत अरबों रुपए है और उसे विदेश में बेचा जाएगा। बिक्री से जो लाभ होगा, वह कंपनी में पैसा लगाने वालों को 1 से 5 करोड़ रुपए तक अनुदान के रूप में दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने इस लालच में आकर सिक्योरिटी मनी और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर रकम जमा कराई। केवल एक शिकायतकर्ता अमृता बाई ने ही 25,000 कंपनी को दिए थे।



### आरोपी से मोबाइल, आधार पैन सहित दस्तावेज जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। आरोपी ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, प्रधान आरक्षक चंद्र विजय साय, आरक्षक कमलेश्वर वर्मा, मुकेश पांडे, इम्तियाज खान एवं आकाश कुजूर की रही अहम भूमिका।

### जारी रहेगी कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस ने ठगी के इस बड़े मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि शेष फरार आरोपियों की तलाश के लिए ऑपरेशन अंकुश जारी रहेगा।

# जशपुर में शतरंज का रोमांच, बाल प्रतिभाओं ने दिखाया कमाल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट के दूसरे दिन तक 6 राउंड का खेल संपन्न हुआ।आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वास राव मस्के और सचिव, खेल अधिकारी समीर बड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक खेल गए पांच राउंड के परिणाम में सेनगुप्त दीपांकर, स्पर्श खंडेलवाल, सालिक नवाज मनिहार, ईशान सैनी, वी. विराट अय्यर, रूपेश कुमार मिश्रा, संस्कार कश्यप, शेख इदु और शुभम सिंह टॉप टेन स्थान पर रहे हैं। विजेता का निर्धारण पूरे आठ राउंड के बाद ही हो सकेगा।

- चेस टूर्नामेंट में 6 राउंड का खेल संपन्न

टूर्नामेंट में 06 वर्ष से 67 वर्ष तक के खिलाड़ी शतरंज खेल रहे हैं। खेल के कुछ आश्चर्यजनक परिणाम भी मिल रहे हैं। कुछ विलक्षण प्रतिभावान खिलाड़ी भी सामने आ रहे हैं। दुर्ग के 10 वर्षीय नन्हे खिलाड़ी वी. विराट अय्यर ने अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त अपने प्रतिद्वंदी 04 वयस्क खिलाड़ियों को हराया। वहीं रायपुर की 10 वर्षीय नन्ही बालिका खिलाड़ी सावी गौरी ने भी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग प्राप्त अपने प्रतिद्वंदी 04 वयस्क खिलाड़ियों को हराया।




### स्टेट चेस एसोसिएशन का सहयोग

इस टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट चेस एसोसिएशन के सहयोग से कराया जा रहा है। चेस एसोसिएशन की ओर से आर्बिटर अनीश अंसारी, रॉकी देवांगन, हर्ष शर्मा, शुभम बसोने, शेष रतन जायसवाल, प्रदीप कुमार मंडल और अनिल शर्मा खिलाड़ियों को गाइड करने के साथ निर्णायक की भूमिका में कार्य कर रहे हैं।

### इनकी रही सक्रिय भूमिका

जिला प्रशासन की ओर से टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के जॉइंट सेक्रेटरी विनोद गुप्ता के साथ समिति के सदस्य संजीव शर्मा , मति कल्पना टोप्पो , मिंकू बनर्जी, सत्यप्रकाश तिवारी , लक्ष्मी शुक्ला , अवनीश पांडेय , प्रदीप चौरसिया , टूमनु गोसाई, सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं ।

# विधवा से जंगल में दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महिला सुरक्षा के प्रति अपनी सख्त और संवेदनशील छवि बनाए रखते हुए जशपुर पुलिस ने एक और गंभीर अपराध का पर्दाफाश किया है। चौकी सोनक्यारी क्षेत्रांतर्गत एक विधवा महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी जेल भेजा गया

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 36 वर्षीय पीड़ित महिला, जो अपने पति के निधन के बाद दो बच्चों के साथ जीवन बिता रही है, 9 अक्टूबर की शाम अपने ससुराल से पैदल अपने मायके लौट रही थी। जंगल के रास्ते में गांव के ही निलेश राम भगत (उम्र 22 वर्ष) ने पीछे से आकर महिला के बाल पकड़ लिए, उसे जमीन पर पटक दिया और घसीटते हुए झाड़ियों के बीच ले गया। इसके बाद दरिंदे ने जान से मारने की धमकी देते हुए महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के चीखने-चिल्लाने पर गांव की एक युवती वहां पहुंची, जिसके देखते ही आरोपी भाग खड़ा हुआ। युवती ने तत्काल पीड़िता की मदद की और उसे कपड़े पहनाकर उसके मायके तक छोड़ा। घटना से डरी पीड़िता ने 10 अक्टूबर को चौकी सोनक्यारी में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट मिलते ही पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1) और 115(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया था।



चौकी प्रभारी एएसआई वैभव सिंह, आरक्षक विमल मिंज और नगर सैनिक शिवशंकर रवि की टीम ने आरोपी की तलाश में त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# आराधना फाउंडेशन ने कोसीर में कौशल विकास प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

**कोसीर।** आराधना रूरल फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने निः शुल्क सिलाई प्रशिक्षण कौशल विकास योजना के तहत दिया जा रहा जिसका शुभारंभ कोसीर के अटल समरसता भवन में संपन्न हुआ। बता दें कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य आतिथी डा. महेंद्र कुमार पांडे, कोसीर सरपंच सुमन राव, संस्था की डायरेक्टर पार्वती जांगडे.विशेष रूप से सम्मिलित हुई।



जहां कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र का पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं, सर्कल निरीक्षक, समस्त छळ०मित्र गांव से आए हुए प्रशिक्षार्थी, युवा किसान गांव प्रमुख सम्मिलित हुए। बता दें कि 50 से भी अधिक महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण देने 10 से अधिक सिलाई मशीन कि व्यवस्था की गई है जससे प्रशिक्षण के लिए उत्सुक महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार पांडे द्वारा कौशल विकास संबंधी जानकारी दी गई वही कोसीर सरपंच सुमन राजेंद्र राव ने प्रशिक्षण हेतु जो भी सुविधाएं लगेगी अपनी ओर से हर संभव प्रयास करने की बात कही है। संस्था द्वारा क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों को मोमेंटो व मेडल से सम्मानित किया गया। जिसमें निधि लहरे अंजु बनज, समीर बंजारे, वैष्णवी साहू, दिपांजली जांगडे, सुष्मिता मानिकपुरी शामिल है। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था विशेष शिक्षक राजकुमार जांगडे. द्वारा किया गया वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत मनहर, मैनेजिंग डायरेक्टर गंगाधर बैरागी, तोषकुमार भार्गे, कौशल विकास प्रभारी पुरषोत्तम स्वर्णकार, कोसीर सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र राव, श्याम पटेल, गुलशन लहरे, कृष्णा दास एवं ग्रामीण भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

# रमापति विद्यालय चंद्रपुर में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

**चंद्रपुर।** रमापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके बाद विद्यालय के संचालक रामकृष्ण साहू, सहसंचालिका श्रीमती रीता साहू, समिति के सदस्य सुश्री सौम्या साहू, विद्यालय के प्राचार्य शिवनाथ पटेल ने हेड बॉय हेड गर्ल को बैच प्रदान कर सम्मानित किए। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी पदाधिकारी को शपथ ग्रहण करवा कर उन्हें कार्यभार प्रदान करवाए।



हिंदी माध्यम में हेड गर्ल के रूप में ऋषिकेश शुक्ला, हेड गर्ल मंजू मेहर डिप्टी हेड बॉय के रूप में रोशन पटेल एवं ड्यूटी हेड गर्ल हर्षा पटेल, मालीपारास्कूल से हेड बॉय यशु देवांगन और हेड गर्ल वर्षा बरेठ एवं डिप्टी हेड बॉय केशव निषाद तथा डिप्टी हेड गर्ल खुशी पटेल, अंग्रेजी माध्यम से हेड बॉय पंकज गुप्ता, हेड गर्ल प्रियंका पटेल, डिप्टी हेड ब्वॉय मन्नू सिंह और डिप्टी हेड गर्ल कीर्ति गुप्ता ने शपथ ग्रहण कर अपना कार्य भार ग्रहण किए। इसी कड़ी में सभी कक्षा के कक्षा कप्तान और उप कप्तान को भी उनके कक्षा शिक्षकों ने बैच पहना कर सम्मानित किए। इस अवसर पर विद्यालय की संचालक, सहसंचालिका एवं कमेटी मेंबर सौम्या साहू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए उनके कर्तव्य का बोध कराते हुए कर्तव्य पालन हेतु शुभाशीष प्रदान किए।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा की पीलिया से मौत, मचा हड़कंप

**वाड्रफनगर।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढने वाली कक्षा सातवीं के छात्रा की पीलिया से मौत का मामला सामने आया है। छात्रा के मौत के बाद परिजन व ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही और दूषित पानी के उपयोग का आरोप लगाया है और मामले में कार्रवाई की मांग की है। इधर स्कूल शिक्षा विभाग ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बच्ची की तबीयत घर में खराब हुई थी। फिलहाल इस घटना के बाद शोक का माहौल है।

बताया जा रहा है कि विकासखंड के रघुनाथनगर अंतर्गत रहने वाली छात्रा अंजनी जायसवाल स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 7वीं की छात्रा थी। पिछले कुछ दिनों से छात्रा की तबीयत खराब थी और जब परिजन ने उसकी जांच कराई तो 5 अक्टूबर को बच्ची में पीलिया की पुष्टि हुई थी। पीलिया से ग्रसित बच्ची का उपचार परिजन करा रहे थे। पहले उसे अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर मिशन अस्पताल में उसका उपचार चला। मिशन अस्पताल से छात्रा को रायपुर रिफर किया गया था ।

**बिजनेस प्लस**

### कोरबा शहर में सुमित ज्वेलर्स की पांचवीं ब्रांच का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** प्रदेश की ज्वेलरी मार्केट में नाम बना चुके सुमित ज्वेलर्स की पांचवीं ब्रांच का शुभारंभ शनिवार को पुराने कोरबा व्यवसायिक परिसर में किया गया। इस दौरान सुमित ज्वेलर्स प्रबंधन उपस्थित थे। कोरबा शहर में ज्वेलरी मार्केट के बढ़ते क्रेज को देखते हुए नई रेंज की ज्वेलरी लेकर सुमित ज्वेलर्स के शोरुम की शुरुआत शनिवार को हुई। इस दौरान सुमित ज्वेलर्स के संस्थापक और प्रबंधक अंकित कंकेरिया ने बताया कि 2005 में रायपुर से उन्होंने अपने ज्वेलरी शोरुम की शुरुआत की थी। इसके पीछे उनका उद्देश्य प्रदेश के ग्राहकों को ज्वेलरी मार्केट के क्षेत्र में नई रेंज और डिजाइन की ज्वेलरी उपलब्ध कराना रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते 20 वर्षों के दौरान प्रदेश के 4 बड़े शहर दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, राजिम में शुरु की गई है। कोरबा में उनकी यह पांचवीं ब्रांच है। कोरबा शहर के मार्केट में ज्वेलरी मार्केट की अलग पहचान बन चुकी है। शहर के ज्वेलरी पसंद ग्राहकों को सुमित ज्वेलर्स में हैवी और लाइट वेट के ज्वेलरी उपलब्ध रहेगी। इसमें नई डिजाईन और रेंज की ज्वेलरियों की प्रमुखता रहेगी। देश के महानगरों की तरह कोरबा शहर के ग्राहकों को भी अच्छी कीमत में ज्वेलरी उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी कई वैरायटी मौजूद रहेंगी। शोरुम के शुभारंभ अवसर पर सुमित ज्वेलर्स रायपुर ब्रांच के अर्पित कंकेरिया, कोरबा शहर के ब्रांच संचालक पारस जैन, प्रकाश जैन आदि उपस्थित थे।



योजना ने लोगों के जीवन में बचत का नया रास्ता खोला

# अब नहीं आता बिजली बिल, घर की छत से ही मिल रही ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक बड़ी पहल बनकर सामने आई है। इस योजना ने लोगों के जीवन में बचत, सुविधा और स्थायी ऊर्जा का नया रास्ता खोल दिया है।

जिले के पत्थलगांव निवासी बालेश्वर यादव ने इस योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर रूफटॉप प्लांट लगाया है। योजना के अंतर्गत उन्हें केंद्र और राज्य सरकार से 78,000 हजार की सब्सिडी मिली, जबकि संयंत्र की कुल लागत लगभग 2 लाख रही। श्री यादव बताते हैं कि पहले हर महीने करीब 5,000 तक बिजली बिल देना पड़ता था। लेकिन सोलर सिस्टम लगने के बाद अब उनका बिल लगभग शून्य हो गया है। इतना ही नहीं, घर में उपयोग से बची बिजली ग्रिड में भेजने से उन्हें हर माह आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर में सोलर सिस्टम लगने से "अब बिजली कटने या बिल बढ़ने की चिंता नहीं रहती। हम खुद की जरूरत की बिजली बना रहे हैं और पर्यावरण को भी सुरक्षित रख रहे हैं।" यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।



### हर घर में पहुंच रही सौर ऊर्जा

राज्य में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर परिवार को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना में सोलर संयंत्र की क्षमता के अनुसार 30,000 से 78,000 तक की सब्सिडी दी जाती है। लाभार्थी पोर्टल या मोबाइल एप से पंजीकरण कर सकते हैं। चयनित वेंडर द्वारा संयंत्र स्थापित करने के बाद डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर लगाया जाता है, और सत्यापन उपरांत सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में जमा कर दी जाती है। इच्छुक उपभोक्ता कम ब्याज दर पर बैंक ऋण भी प्राप्त कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए इसे जनसमर्थन पोर्टल से जोड़ा गया है।



# दिलजीत दोसांझ फिर इम्तियाज अली संग करेंगे फिल्म...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ गायकी के साथ-साथ अपनी एक्टिंग से भी लोगों का दिल जीत रहे हैं। ताजा अपडेट है कि गायक प्रेम कहानी पर आधारित एक नई फिल्म का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली कर रहे हैं। जाहिर है कि दिलजीत और इम्तियाज इससे पहले फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए साथ आए थे। साल 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म में दिलजीत के साथ परिणीति चोपड़ा नजर आईं थी। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बिना टाइटल वाली इस फिल्म की शूटिंग मुंबई में पूरी करने के बाद, कास्ट और क्रू पंजाब के लिए रवाना हो गए हैं। दिलजीत के अलावा शरवरी, वेदांग रैना और नसीरुद्दीन शाह भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे।

## लाइफ Style



# शरवरी
## अहान संग मचाएंगी धमाल

'सैयारा' अभिनेता अहान पांडे किसी परिचय के मोहताज नहीं रहे। प्रशंसक उनकी नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ के होने की चर्चा है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म पर ताजा अपडेट आया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बताया गया है कि ये एक्शन-रोमांस से भरपूर फिल्म होगी। अहान और शरवरी ब्रिटेन में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, अली अब्बास अगली फिल्म अहान और शरवरी के साथ शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग अगले साल मार्च, 2026 से शुरू की जाएगी। अहान और शरवरी की जोड़ी वाली ये फिल्म पहले से प्रशंसकों को उत्साहित कर रही है। अली अब्बास एक बार फिर आदित्य चोपड़ा के साथ निर्देशक के तौर पर अपनी एक्शन-रोमांस फिल्म पर काम शुरू कर रहे हैं।

अली अब्बास 'टाइगर जिंदा है', 'गुंडे', 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' और 'सुल्तान' जैसी हिट फिल्में बनाकर वह पहले ही प्रशंसकों से वाहवाही लूट चुके हैं। अब वो 5वीं बार यशराज फिल्म्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि अहान इस वक्त अपनी डेब्यू फिल्म 'सैयारा' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। दूसरी तरफ शरवरी आगामी फिल्म 'अल्फा' की तैयारी में जुटी हुई हैं। यशराज स्पाई यूनिवर्स की इस 7वीं किस्त में आलिया भट्ट भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी में पहनी थी लाखों की ड्रेस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और गायिका सेलेना गोमेज की शादी इस वक्त चर्चा का विषय बनी हुई है। इस जश्न में सेलेना की दोस्त और मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट भी शामिल हुईं। दिलचस्प बात ये है कि टेलर ने इस मौके पर करीब 33.7 लाख रुपये कीमत की ड्रेस पहनकर लाइमलाइट लूट ली। सुनहरी ड्रेस में गायिका बहुत खूबसूरत लगीं। उनकी ड्रेस में फ्लोरल एप्लिक और सेक्विन जड़े थे। इस ड्रेस को डिजाइनर ऑस्कर डे ला रेंटा ने डिजाइन किया है।



# 'महारानी-4' 7 नवंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की वेब सीरीज 'महारानी 4' का इंतजार काफी समय से था। निर्माताओं ने टीजर जारी करते हुए इंतजार खत्म कर दिया है। साथ में रिलीज की तारीख का खुलासा भी किया है। सोनी लिव ने 'महारानी 4' का टीजर इंस्टाग्राम पर जारी करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की सुरक्षा करने आ गई है। महारानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार है।' 'महारानी 4' को 7 नवंबर से सोनी लिव पर रिलीज किया जाएगा। 'महारानी 4' में हुमा फिर निडर नेता के किरदार में लौटी हैं। विपिन शर्मा और श्वेता बसु प्रसाद भी सीरीज का हिस्सा हैं। विपिन को नेता के किरदार में दिखाया गया है। अमित सियाल, विनीत कुमार, शार्दुल भारद्वाज, कनी कुसरुति और प्रमोद पाठक भी अहम किरदार में हैं।



# हार्दिक-माहिका एक साथ आए नजर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। काफी वक्त से उनका नाम माहिका शर्मा संग जुड़ रहा है। अब दोनों ने साथ आकर अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। ये पहला मौका है, जब हार्दिक और माहिका को मुंबई हवाई अड्डे पर एक साथ देखा गया। जब पैपराजी ने दोनों की तस्वीरें खींचने की कोशिश की तो हार्दिक ने माहिका को आगे जाने दिया। इसके बाद क्रिकेटर खुद भी चले गए। नताशा स्टेनकोविक से 2024 में अलग होने के बाद हार्दिक का नाम ब्रिटिश गायिका जस्मिन वालिया के साथ खूब उछाला गया था। हालांकि, हार्दिक ने कभी इन अफवाहों पर गौर नहीं किया और न कभी सफाई देना जरूरी समझा। अब लगता है कि क्रिकेटर को माहिका के रूप में अपना नया प्यार मिल गया है।



# करवाचौथ पर लगाई निक के नाम की मेहंदी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में प्रसिद्धि पा चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भले ही निक जोनस के साथ सीमा पार रहती हों, लेकिन भारतीय त्योहारों को वो पूरी शिद्दत से मनाना जानती हैं। 10 अक्टूबर को करवाचौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर प्रियंका ने भी पूरी तैयारी की थी। उन्होंने पति निक के नाम की मेहंदी अपने हाथों में रचाई। मेहंदी की तस्वीरें अभिनेत्री ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेहंदी की कुछ तस्वीरों साझा की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने अपने हाथ में लगी खूबसूरत मेहंदी की झलक दिखाई। उनकी हथेली पर लिखे 'निकोलस' नाम से प्रशंसकों का ध्यान खींच लिया। बहुत कम लोगों को पता होगा कि निक का पूरा नाम 'निकोलस जेरी जोनस' है।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': शहबाज को ताने मिलने पर भावुक हुईं शहनाज...

**मुंबई।** अभिनेत्री शहनाज गिल का उनके छोटे भाई शहबाज बदेशा के लिए प्यार किसी से छिपा नहीं है। शहनाज की बदौलत ही शहबाज को 'बिग बॉस 19' के घर में दूसरा मौका मिला था। शो के पिछले एपिसोड में शहबाज ने बताया था कि लोग उन्हें हमेशा ताने मारते हैं। उन्हें 'बहन के टुकड़ों पर पलने वाला' कहते हैं। उनके इस खुलासे के बाद शहनाज भावुक हो गईं और उन्होंने सोशल मीडिया पर शहबाज के लिए एक पोस्ट साझा किया है।

***शहनाज ने लिखा भावुक पोस्ट :*** शहनाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'आप हमेशा मुझे बुराई से दूर रखते हैं, और हमेशा मेरा बचाव करते हैं।दुनिया नहीं जानती है, कि आपने मेरे लिये क्या-क्या किया है, लेकिन मैं जिंदगी भर आपके लिए सब कुछ करती रहूंगी...।' पोस्ट के साथ में, शहनाज ने 'लाल दिल' वाले इमोजी भी साझा किए हैं। अभिनेत्री की पोस्ट पर प्रशंसक भी उनका समर्थन कर रहे हैं, और शहबाज को मजबूत रहने की सलाह दे रहे हैं।

# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बुरा हाल, फ्लॉप होने की कगार पर फिल्म

**मुंबई।** धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। ये फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने सिर्फ 8 दिनों के अंदर दम तोड़ना शुरू कर दिया है। फिल्म न तो अपना बजट निकाल सकी और न इसे बड़े सितारों के होने का फायदा मिल सका। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जिस सुस्त गति से बॉक्स ऑफिस पर बढ़ रही है, उसे देखकर कहना गलत नहीं होगा कि ये बड़ी फ्लॉप साबित होने की कगार पर है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कुल 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 40.75 करोड़ रुपये हुआ है, जिससे साफ है कि 80 करोड़ रुपये का बजट निकालने के लिए इसे और मशक्कत करनी पड़ेगी। यूं तो शशांक खेतान के निर्देशन में बनी 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का जादू दर्शकों के सिर से उतरने लगा है, लेकिन जाह्नवी ने इसके जरिए एक रिकॉर्ड बना लिया है।



# तब्बू 27 साल बाद आईं नागार्जुन के साथ
## सुपरस्टार की 100वीं फिल्म में निभाएंगी अलग किरदार

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी अपनी 100वीं फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम 'किंग 100' बताया जा रहा है। साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी मशहूर नागार्जुन पिछली बार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में नजर आए थे और खूब वाहवाही लूटी थी। अब उनकी फिल्म 'किंग 100' से जुड़ी एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जिसके बाद उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। खबर है कि तब्बू फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।

***फिल्म में बेहद अहम भूमिका निभाएंगी तब्बू :*** रिपोर्ट के मुताबिक, तब्बू से जब इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई। उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट और इसमें अपना किरदार पसंद आया है। इस फिल्म में तब्बू के साथ नागार्जुन को रोमांस करते नहीं देखा जाएगा, बल्कि उन्हें इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए साइन किया गया है। तब्बू और नागार्जुन पर्दे पर पहले भी धमाल मचा चुके हैं। ऐसे में ये फिल्म उनके प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

***इन फिल्मों में साथ काम कर चुके नागार्जुन और तब्बू :*** तब्बू और नागार्जुन की जोड़ी ने दर्शकों के बीच अपना खूब जादू चलाया था। आखिरी बार उन्हें साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'आविदा मां आविदे' में देखा गया था। फिल्म को तमिल भाषा में डब किया गया था, वहीं हिंदी में 'बीवी नंबर 2' नाम से इसका रीमेक बनाया गया था। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू तेलुगू रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'निन्ने पेलाडाटा' के लिए साथ आए थे। उधर नागार्जुन की कॉमेडी फिल्म 'सिसिंदरी' में तब्बू ने कैमियो किया था।



### नागार्जुन के साथ अपने रिश्ते को लेकर खूब चर्चा में रहीं तब्बू

नागार्जुन और तब्बू अपने अफेयर को लेकर खूब चर्चा में रहे। नागार्जुन ने पहली शादी लक्ष्मी तो दूसरी शादी अमला अक्किनेनी से की। इसके बावजूद उन्होंने अपनी जिंदगी में तब्बू को एंट्री दी। बताया जाता है कि दोनों ने करीब 10 साल तक एक-दूसरे को डेट किया था।हालांकि, नागार्जुन के शादीशुदा होने के चलते उनके इस रिश्ते को कोई मंजिल नहीं मिल पाई। अभिनेता ने खुद एक इंटरव्यू में तब्बू के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार किया था।

# शाहरुख की 'किंग' पर निर्देशक की पोस्ट से फैंस उत्सुक

**मुंबई।** शाहरुख खान को 2023 में आखिरी बार फिल्म 'डंकी' में देखा गया था। अब उनकी अगली फिल्म 'किंग' का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग का कुछ हिस्सा अभी बाकी है। इस बीच निर्देशक ने एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया है, जिसने लोगों के दिलों की धड़कनों को तेज कर दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' को लेकर कुछ नया अपडेट आने वाला है।



***सिद्धार्थ की पोस्ट देख बढ़ी उत्सुकता :*** सिद्धार्थ ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है, 'टिक. टॉक. टिक. टॉक।' ये पोस्ट जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों ने कयास लगाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'टिक टॉक... बैंग बूम... जितना बड़ा #SRKian, उतनी तेज धड़कन। मेरी तो भगदड़ मच गई।।' दूसरे ने लिखा, 'यह आ रहा है... 2 नवंबर... #KING का पहला लुक लोड हो रहा है।' खैर प्रशंसक 'किंग' पर निर्माताओं की आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

***फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे:*** ये पहला मौका होगा, जब 'किंग' में शाहरुख को अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखा जाएगा। रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, अभय वर्मा, राघव जुयाल और अक्षय ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिलहाल फिल्म की रिलीज को 2027 तक के लिए टाल दिया गया है। बता दें कि शाहरुख को हाल ही में फिल्म 'जवान' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। ये फिल्म सितंबर, 2023 में रिलीज हुई थी।

## बॉक्स ऑफिस की परीक्षा में इन तीनों में से कौन-सी फिल्म पास होती है

# मोहनलाल की 'वृषभ' को टक्कर देंगी द गर्ल फ्रेंड और जटाधारा

*मुंबई। सुपरस्टार मोहनलाल को हाल ही में भारतीय सिनेमा का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार दादा साहेब फाल्के से सम्मानित किया गया था। मलयालम से लेकर हिंदी तक, कई अलग-अलग भाषाओं में काम कर चुके मोहनलाल एक ओर जहां ममूटी के साथ अपनी फिल्म 'पेट्रियट' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ की राह भी उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। अब अभिनेता ने अपनी इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है।*

### 6 नवंबर को रिलीज हो रही फिल्म

मोहनलाल ने एक्स पर फिल्म से अपना धांसू पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'धरती हिल रही है। आसमान जल रहा है। नियति ने अपना योद्धा चुन लिया है। 'वृषभ' 6 नवंबर को आ रही है।' बता दें कि पहले ये फिल्म इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे नवंबर तक के लिए टाल दिया गया है। मोहनलाल के प्रशंसक सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

### 7 नवंबर को आ रहीं ये 2 फिल्में

'वृषभ' जहां 6 नवंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी, वहीं रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के साथ 7 नवंबर को बड़े पर्दे पर हाजिरी लगाने वाली हैं। उनकी ये फिल्म तेलुगू, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। उधर सोनाक्षी सिन्हा भी 7 नवंबर को ही अभिनेता सुधीर बाबू के साथ 'जटाधारा' लेकर सिनेमाघरों का रुख करेंगी। बॉक्स ऑफिस की परीक्षा में इन तीनों में से कौन-सी फिल्म पास होती है, फिलहाल ये देखना दिलस्प होगा।







### आते ही छा गया था 'वृषभ' का टीजर

इस साल सितंबर में 'वृषभ' का टीजर रिलीज हुआ था, जिसे देख दर्शकों ने भविष्यवाणी कर दी थी कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा देगी। योद्धा बने मोहनलाल के एक्शन भरे अंदाज ने लोगों को बाहुबली की याद दिला दी थी। नंद किशोर के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टीजर ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया था। प्यार, तकदीर और बदले की दास्तां कहती ये फिल्म बाप-बेटी के अटूट रिश्ते का जश्न मनाती दिखेगी।

### शनाया कपूर इस फिल्म से कर रहीं साउथ में एंट्री

एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण हो रहा है और एक और खास बात ये है कि इसके जरिए संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर साउथ में कदम रख रही हैं। ये उनकी पहली दक्षिण भारतीय फिल्म है। इससे पहले शनाया ने विक्रांत मैसी अभिनीत फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

**खबर संक्षेप**

## जिला परियोजना समन्वयक का 13 को होगा इंटरव्यू

**सारंगढ़।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कॉलेज के पास कोसीर रोड सारंगढ़ के वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला परियोजना समन्वयक और एमआईएस सहायक पद के लिए पात्र और अपात्र सूची के दावा आपत्ति के निराकरण किया जाकर अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया है। इन दोनों पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों का इंटरव्यू 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सारंगढ़ के खेलभाटा मैदान के पास स्थित प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास 1 में निर्धारित है। इस संबंध में जानकारी वेबसाइट सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

## राउरकेला की अनदेखी पर फूटा जनाक्रोश

**राउरकेला।** कभी औद्योगिक और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक रहा राउरकेला शहर आज उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और रेलवे सहित लगभग हर क्षेत्र में गिरावट के खिलाफ शुक्रवार को बिरसा मुंडा चौक पर विभिन्न सामाजिक एवं जनसंगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया।

राउरकेला बुद्धिजीवी संघ, हिंद मजदूर सभा और अन्य संगठनों के सदस्यों ने शहर की उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए कहा कि राउरकेला, जो कभी राज्य का अग्रणी शहर हुआ करता था, आज विकास के क्षेत्र में पिछड़ गया है। वक्ताओं ने कहा कि राउरकेला रेलवे सेक्शन चक्रधरपुर डिवीजन में सर्वाधिक राजस्व देने के बावजूद अब तक इसे स्वतंत्र रेल डिवीजन का दर्जा नहीं मिला है। वहीं कभी राज्य का सबसे भरोसेमंद अस्पताल रहा आईजीएच अब बदहाल स्थिति में है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए भुवनेश्वर तक जाना पड़ता है। शिक्षा के क्षेत्र में भी गिरावट देखी जा रही है। एनआईटी और वीएसएसयूटी जैसे संस्थानों को छोड़कर अन्य शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय कमी आई है। वहीं राउरकेला की हवाई सेवा पूरी तरह से बंद होने से शहर की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर पड़ा है। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार से राउरकेला को पुनः उसके गौरवपूर्ण दर्जे पर लाने, शहर के विकास कार्यों में तेजी लाने और उपेक्षा की नीति समाप्त करने की मांग की।

## एवरग्रीन पब्लिक स्कूल अंडोला में करियर गाइडेंस

**कोसीर।** एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में करियर गाइडेंस प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्राचार्य परमेश्वर बरेठ द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम में करियर काउंसलर एवं विशेषज्ञ के रूप में सोनी एजुकेशन हब के डायरेक्टर प्रहलाद सोनी सर उपस्थित थे जिन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों जैसेदृ चिकित्सा, अभियांत्रिकी, प्रबंधन, रक्षा सेवाएं, सिविल सर्विसेज़ पर विस्तृत प्रकाश डाला एवं साहिब कंप्यूटर कॉलेज मोटिवेशनल स्पीकर एंड बिजनेस कोच कोसीर के डायरेक्टर चंद्रभाग बंजारे सर ने उभरते नए क्षेत्रों जैसे डिजिटल मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोटेक्नोलॉजी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। एवं गिफ्ट पुरस्कार भी बच्चों को दिया गया कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यक्रम का संचालन दामोदर निराला सर के द्वारा किया गया एवं सभी शिक्षक और शिक्षिका गण ने भी बढ़ चढ़ कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्कूल संचालक और संस्था के द्वारा कैरियर गाइडेंस प्रोगाम की टीम को शुभकामना और बधाई देते हुए इस कार्यक्रम की सराहना की और ऐसे ही कार्यक्रम हमेशा होते रहने की मंगलकामनाएं ज्ञापित किए।

### 86 बालिकाओं की एनीमिया जांच में 81 में खून की कमी

# बालिका दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रजत जयंती पर्व पर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में गर्ल्स उच्चतर माध्यमिक शाला सरसीवां में विश्व बालिका दिवस मनाया गया। ऐसे ही कार्यक्रम तीनों ब्लॉक के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों में होने वाले जन्म जात विकृति, संक्रामक बीमारी जैसे टीबी, कुष्ठ आदि के विषय में भी बता कर बालिकाओं को जागरूक किया गया। अंत में बालिकाओं में माहवारी के समय की परेशानी के बारे में डॉक्टर नयना नवीन के द्वारा बालिकाओं को आवश्यक समझाइश दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य वी के जायसवाल, प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शशि जायसवाल, डॉ श्रुति दुबे, मुकेश साहू तथा सेक्टर सरसीवां के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने बालिकाओं को बालिका दिवस की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एसम्मान एनिर्णय लेने एवं नेतृत्व के अवसर प्रदान करना है। बालिकाओं में शिक्षा का अवसर मिले, बराबर का अवसर मिले शिक्षा में ड्रॉप आउट न हो, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा बीमार नहीं होने पर एक सशक्त बालिका के रूप में उभर सकेगा। इस कारण बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बालिकाओं में सबसे ज्यादा स्वास्थ्य समस्या में रक्त अल्पता या खून की कमी का होता है। आज भी इसी विद्यालय में खून की जांच की गई जिसमे 86 बालिकाओं में सिर्फ 5 बालिकाओं की हीमोग्लोबिन 12 ग्राम प्रतिशत से ऊपर पाया गया अर्थात 81 बच्चे एनीमिया की श्रेणी में है।



### एनीमिया के मुख्य कारण

बालिकाओं में एनीमिया के मुख्य कारण 1 संतुलित आहार की कमी उम्र के अनुसार शरीर के संचालन के लिए जितनी ऊर्जा की जरूरत होती है उसमें कमी है। 2 बच्चों में कृमि रोग होने के कारण भी एनीमिया होता है। कृमि शरीर के आंत में अपनी जगह बनाती है। हमारे द्वारा भोजन के पौष्टिक तत्व को कृमि द्वारा ग्रहण करने तथा खून को पीने के कारण बच्चों के शरीर में खून की कमी हो जाती है। सिकलसेल की बीमारी होने पर भी खून की कमी होती है क्योंकि सिकलसेल वाले बच्चों में आरबीसी का आकर हशिया के रूप में हो जाता है एवं इसकी आयु कम हो जाती है आरबीसी जल्दी मर जाने के कारण सिकलसेल वाले व्यक्ति के शरीर में खून की कमी हो जाती है। 10 वर्ष से 19 वर्ष के बालिकाओं में माहवारी प्रारंभ होने के कारण भी खून की कमी होने लगती है। इन कारणों से बालिकाओं में खून की कमी होती है।

### खून की कमी का शरीर में प्रभाव

बच्चों या बालिकाओं में खून की कमी होने से शरीर पर प्रभाव पड़ता है जैसे आइक्यू में 5 से 10 प्रतिशत की कमी हो जाती है। बच्चों में सीखने समझने की क्षमता प्रभावित होती है। बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास बाधित होती है तथा एकाग्रता में कमी हो जाती है।

### बचने का उपाय

संतुलित आहार ले, जिसमे पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैट, खनिज लवण, विटामिन और पानी की पर्याप्त मात्रा प्रति दिन मिलना चाहिए। खनिज लवण में कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, जिंक सोडियम एपोटेशियम, आयोडीन आदि मिलना चाहिए। कृमि नाशक गोली को प्रति वर्ष साल में 2 बार 6ए 6 माह के अंतराल में लेना होता है। प्रत्येक बालिकाओं को डब्ल्यूआईएफएस की गोली 10 से 19 वर्ष जो नीले रंग की होती है प्रति मंगलवार को खाना खाने के बाद लेना होता है। वर्ष भर में 52 गोली अनिवार्य से लेने से जो खून की कमी शरीर में होता है उसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें सिकल सेल होने पर डब्ल्यूआईएफएस की गोली की जगह सिर्फ फोलिक एसिड की गोली ली जानी चाहिए। बालिकाओं की दृष्टि या आंख की रोशनी ठीक रहे इसके लिए भी चर्चा की गई और नेत्र परीक्षण भी कराए गई। आंख की रोशनी अच्छी रहे इसके लिए मौसमी फल, हरे सब्जी के सेवन से मदद मिलती है। स्कूल में पढ़ाई करते समय सिर में दर्द एआंख में दर्द, आंख से आंसू आना, चक्कर आना, आंख से दिखाई कम पड़ना दृष्टि दोष के सूचक है। मिडिल स्कूल के बच्चों की नेत्र परीक्षण कर दृष्टि दोष वाले सभी बच्चों को शासन से चश्मा निःशुल्क प्रदान की जाती है तथा पढ़ते समय रोशनी हमेशा पीछे से आना चाहिए। ऐसी व्यवस्था घर में पालको के द्वारा बच्चों के लिए किया जाना चाहिए और पालको को नजर भी रखनी चाहिए कि पढ़ते समय आंखों में कोई परेशानी हो तो पालक भी इसे जल्द पहचान सके और आंख की जांच कराए।




## क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स के चैप्टर कन्वेंशन में जिंदल स्टील की टीम ने जीता गोल्ड

**रायगढ़।** जिंदल स्टील रायगढ़ ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। कंपनी की महिला कर्मचारियों की टीम ने 16वें चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स में प्रथम पुरस्कार गोल्ड अवॉर्ड जीतकर न केवल जिंदल स्टील, रायगढ़, बल्कि छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत का नाम रोशन किया।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह जिंदल स्टील, रायगढ़ की पहली पूर्ण महिला टीम है जिसने इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन, टीम भावना एवं नवाचार पूर्ण विचारों से सभी को प्रभावित किया। अनेक प्रतिभागी टीमों के बीच इस टीम ने अपने कार्य की गुणवत्ता और प्रस्तुति के दम पर यह सम्मान अर्जित किया। यह सफलता जिंदल स्टील की गुणवत्ता, नवाचार और महिला सशक्तिकरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कंपनी सदैव यह सुनिश्चित करती है कि कार्यस्थल पर सभी को समान अवसर मिलें और हर कर्मचारी अपनी क्षमताओं को निखार सके।

इस अवसर पर जिंदल स्टील रायगढ़ के कार्यकारी निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा, हमारी महिला टीम की यह सफलता जिंदल स्टील परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता का परिणाम है। उनकी यह उपलब्धि न केवल प्रेरणादायक है बल्कि दूसरों के लिए उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। गौरतलब है कि जिंदल स्टील के रायगढ़ संयंत्र की टीम ने पहले भी क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स की अलगकृअलग स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यहां की टीमों ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार हासिल कर जिंदल स्टील के साथ ही छत्तीसगढ़ का भी नाम रोशन किया है।

## रायगढ़ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत रामभाटा सामुदायिक भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और लैंगिक समानता के प्रति जागरूक करना था।

- **शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास से सशक्त हुईं बेटियां**

जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप ने बताया कि बालिकाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम में एनीमिया जांच किया गया। शाला त्यागी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम और पोषण संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। बालिकाओं की प्रतिभा को मंच देने और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से मेहंदी, चित्रकला एवं नींबू दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान बालिकाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जागरूकता सत्र में विशेषज्ञों ने लैंगिक समानता, शिक्षा का महत्व, लक्ष्य निर्धारण, संतुलित आहार, मासिक धर्म स्वच्छता और एनीमिया की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि जब बेटियों को समान अवसर और सही दिशा मिलती है तो वे हर क्षेत्र में सफलता का नया इतिहास रचती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को 181 सखी वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी आवश्यक सेवाओं की जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मिशन शक्ति की जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती सरिता सिंहा उत्तरा, स्वास्थ्य विभाग की टीम, सुपरवाइजर, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं।



## ओपी जिंदल विश्वविद्यालय लीडिंग यूनिवर्सिटी फॉर क्वालिटी एजुकेशन एंड ग्लोबल रेडिनेस ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

**तमनार।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ को शिक्षा और उद्योग के बीच सशक्त साझेदारी स्थापित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैश्विक तत्परता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित लीडिंग यूनिवर्सिटी फॉर क्वालिटी एजुकेशन एंड ग्लोबल रेडिनेस ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह गौरवपूर्ण सम्मान नई दिल्ली में आयोजित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्पिरेशन अवॉर्ड्स 2025 के भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

इस समारोह का आयोजन टॉपनॉच फाउंडेशन द्वारा किया गया, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता को मान्यता देने हेतु अपने शोध आधारित पुरस्कारों और प्रभावशाली ब्रांडिंग पहलों के लिए विख्यात है। यह सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने एक भव्य समारोह में ग्रहण किया, जिसमें देशभर के शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, उद्योग प्रतिनिधियों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों ने भाग लिया। इस समारोह में प्रमुख अतिथियों डॉ. अभिषेक शर्मा भारतीय उद्योगपति, फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा, एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व शामिल थे। यह सम्मान ओपीजेजू द्वारा उद्योगों के साथ नवाचारपूर्ण सहयोग, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स, इंटर्नशिप के अवसरों और व्यवहारिक शिक्षा पर केंद्रित पहलों को मान्यता देने हेतु प्रदान किया गया।



सम्मान ग्रहण करने के उपरांत कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने कहा कि यह सम्मान हमारे विश्वविद्यालय की संपूर्ण टीम की प्रतिबद्धता, समर्पण और सतत नवाचारशीलता का सजीव प्रमाण है। यह दर्शाता है कि शिक्षण और उद्योग के बीच सशक्त साझेदारी विद्यार्थियों के करियर निर्माण में कितनी निर्णायक भूमिका निभाती है। हम आगे भी इस मार्ग पर अग्रसर रहते हुए गुणवत्तापूर्ण और उद्योगोन्मुख शिक्षा को प्राथमिकता देते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ओपी जिंदल विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें व्यवहारिक दक्षताओं से सुसज्जित करना है, जिससे वे भविष्य की कार्यस्थली चुनौतियों के लिए पूर्णतः तैयार हो सकें। विश्वविद्यालय को मिला यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. आरडी पाटीदार के लिए अत्यंत गर्व और उत्साह का क्षण रहा। उन्होंने इस विशेष उपलब्धि के लिए जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल तथा विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।डॉ. आरडी पाटीदार ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि हमारे नेतृत्व की दूर दृष्टि, सहयोग की संस्कृति और प्रेरणा की निरंतरता का प्रतीक है। उन्होंने विशेष रूप से नवीन जिंदल और श्रीमती शालू जिंदल के दूरदर्शी मार्गदर्शन को इस सफलता की नींव बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ओपीजेजू ने शिक्षा और उद्योग के बीच एक मजबूत सेतु बनाया है, जिसने न केवल अकादमिक गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है बल्कि छात्रों को भविष्य के लिए आवश्यक व्यावसायिक दक्षताओं और वैश्विक क्षमताओं से भी सशक्त किया है। इस सम्मान समारोह का आयोजन करने वाला टॉपनॉच फाउंडेशन अपने शोध आधारित मूल्यांकन, प्रभावशाली ब्रांडिंग दृष्टिकोण और उच्च स्तरीय आयोजनों के लिए जाना जाता है जो उन संस्थानों और नेताओं को पहचान दिलाता है ।

## स्कूल शिक्षा और ग्रामोद्योग मंत्री गजेन्द्र यादव ने शिल्पकारों से की सौजन्य भेंट



**सारंगढ़।** स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि और विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम बैंगीनडीह के शिल्पकारों से मुलाकात कर उनके शिल्पकला का अवलोकन किया। स्थानीय शिल्पकारों की मांग पर ग्रामोद्योग मंत्री ने शिल्प कला के अधिकारियों को शिल्प विकास का जिला कार्यालय खोलने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार विजेता शिल्पकार हीराबाई झरेका और मिनकेतन बघेल ने मंत्री को नाव का शिल्प भेंट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय नायक, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, सत्ताधारी राजनीतिक दल के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ब्लॉक ऑफिस में समर्थकों के साथ पहुंचे विधायक रोहित

### पूर्व विधायक बनाम वर्तमान विधायक आमने-सामने

**राउरकेला।** बीरमित्रपुर के विधायक रोहित जोसेफ तिर्की ने पूर्व विधायक शंकर ओराम और कुछ पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तिर्की का कहना है कि 7 अक्टूबर को कुआरमुंडा ब्लॉक कार्यालय में सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में अवैध समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जो किसी भी पूर्व जनप्रतिनिधि द्वारा की गई बैठक के रूप में असंवैधानिक है।

विधायक तिर्की ने इस मामले को लेकर संदरगढ़ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच व आवश्यक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने ब्लॉक कार्यालय में शक्ति प्रदर्शन भी किया और नारे लगाकर अपनी स्थिति स्पष्ट की। वहीं, पूर्व विधायक शंकर ओराम ने कहा कि किसी भी नागरिक या पूर्व जनप्रतिनिधि को विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए सरकारी कार्यालय जाने का अधिकार है, इसमें कोई अनुचित या गैरकानूनी बात नहीं है। यह घटना राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है और अब यह देखने वाली बात है कि जिलाधिकारी और प्रशासन इस विवाद पर क्या कदम उठाते हैं।



## 8 सब इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर के पद पर मिली पदोन्नति

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस जिले के 8 सब इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति दी गई है। इस संबंध में ओडिशा पुलिस मुख्यालय ने आधिकारिक विज्ञप्ति जारी की है।

पदोन्नति पाने वालों में प्लांट साइट थाना के एसआई सुव्रत पंडा, कलुंगा पुलिस चौकी के एसआई विक्रम भुइयां, पुलिस मुख्यालय के एसआई अशोक बेहरा, साइबर थाना के एसआई संपद महंती, जलदा पुलिस चौकी के एसआई विकास कालेट, ब्राह्मणीतरंग थाना के एसआई उदय साहू, सेक्टर 19 थाना के एसआई तेजलिन जेना और राउरकेला जीआरपी की एसआई ज्योत्सना सेठ शामिल हैं। विशेष रूप से सुव्रत पंडा को हाल ही में राउरकेला पुलिस जिले के श्रेष्ठ एसआई का पुरस्कार डीजीपी द्वारा दिया गया था। उनकी उत्कृष्ट सेवा और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए उन्हें अब पदोन्नति भी दी गई है। पदोन्नति प्राप्त अधिकारी अब जिले में अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के साथ पुलिसिंग में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस कदम से राउरकेला पुलिस विभाग में प्रशासनिक मजबूती और कार्यकुशलता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस प्रशासन में हुए फेर बदल में राउरकेला पुलिस जिले में 11 सब इंस्पेक्टर एवं 22 होमगार्ड चालकों का विभिन्न थानों में फेरबदल किया गया है।

### बंदियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

# जिला जेल में हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत जिला जेल रायगढ़ में 3 से 10 अक्टूबर तक विभिन्न सांस्कृतिक, स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग एवं मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत 3 अक्टूबर को समस्त जेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जेल परिसर की साफ सफाई के साथ की गई, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इसी तरह 4 अक्टूबर को बंदियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 50 पुरुष एवं 10 महिला बंदियों ने भाग लिया। 5 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें 35 पुरुष और 5 महिला बंदियों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। 6 अक्टूबर को रामायण पाठ का आयोजन किया गया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया, जो एक अनुकरणीय पहल रही। 7 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 325 पुरुष बंदी लाभान्वित हुए। इसी दिन महिला बंदियों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। 8 अक्टूबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 820 पुरुष एवं 52 महिला बंदियों ने सहभागिता की। 9 अक्टूबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 765 पुरुष बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के समापन दिवस 10 अक्टूबर को योग शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 150 पुरुष बंदी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश चेतवानी नोडल ऑफिसर, मानसिक स्वास्थ्य, संतोष कुमार पाण्डेय एवं उनकी टीम ने बंदियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इन सभी आयोजनों में बंदियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लियाए जिससे उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास को सकारात्मक दिशा मिली। कार्यक्रमों की सफलता में जेल अधीक्षक, समस्त अधिकारीगण एवं जेल स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



